आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार'

- रंगो का त्यौहार होली देश सहित प्रदेशभर में हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया ।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– लोकसभा चुनाव के लिए चारों सीटों पर जल्द ही प्रत्याशियों के नाम की, की जाएगी घोषणा ।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– भाजपा ने लोकसभा चुनाव में चारों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे–जबकि कांग्रेस अभी तक अपने प्रत्याशियों को नहीं कर पाई घोषित।
- भाजपा ने मंडी संसदीय सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत और कांगड़ा संसदीय सीट से डॉ0 राजीव भारद्वाज को चुनाव मैदान में उतारा।

..............

होली

रंगों का त्यौहार होली आज प्रदेश में हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया जा रहा है। यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में वसंत ऋतु के दौरान मनाया जाता है। इस दिन लोग एक–दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हैं और मिठाइयाँ बाँटते हैं। सभी आयु वर्ग के लोगों में होली को लेकर खासा उत्साह है। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, ने भी इस अवसर पर लोगों को बधाई दी है।

इस बीच सुजानपुर का चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव कल संपन्न हो जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष व हमीरपुर के उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि उत्सव के समापन अवसर पर दोपहर बाद आयोजित होने वाली शोभायात्रा में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसके बाद वह उत्सव की चौथी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या में भी उपस्थित रहेंगे।

इससे पूर्व आज मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश के लोकायुक्त न्यायमूर्ति चंद्र भूषण बरोवालिया मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे । संध्या में हिमाचली लोक कलाकारों के अलावा जाने माने लोक कलाकार ईशांत भारद्वाज, विक्की चौहान, धीरज शर्मा और अन्य कलाकार प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रसिद्ध गीत प्रस्तुत करके लोगों का मनोरंजन करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज अपने सरकारी आवास ओक ओवर में मंत्रिमंडल के सहयोगियों व कार्यकर्ताओं के साथ होली मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी विशेषरूप से मौजूद रहें। इस मौके पर लोगों ने जमकर गुलाल उड़ाया

और नाटी डाली। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाला समय प्यार और समृद्धि का होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वर्ष 2026 तक आत्मनिर्भर व 2032 तक देश का सबसे अमीर राज्य बनाने का उनका लक्ष्य है। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों सीटों पर जल्द ही प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व लोक निर्माण मंत्री ने भी प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि आने वाला समय प्रदेश के लिए सुख, समृद्धि लेकर आए।

चुनाव आयोग

चुनाव आयोग आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल चुनाव प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने चुनाव मशीनरी और राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करने के निर्देश जारी किए हैं। चुनाव निकाय ने ई–बुक्स और ई–डॉक्यूमेंट्स के उपयोग पर जोर दिया है और डबल–साइड प्रिंटिंग और लेआउट अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने इस लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ज्यादा से ज्यादा कम्युनिकेशन करने को कहा है। पर्यावरण–अनुकूल चुनावों के लिए चुनाव कार्य में लगे कर्मियों के साथ–साथ राजनीतिक दलों को भी एकल उपयोग वाले प्लास्टिक से पूरी तरह से बचने का निर्देश दिया है। साथ ही इस बात के भी आदेश दिए गए हैं कि चुनाव के दौरान कचरे के संग्रह की समुचित व्यवस्था की जाए। हर प्रकार के कचरे के निपटन की सुविधा भी सुनिश्चित करना को कहा गया है। सार्वजनिक परिवहन का अधिकतम उपयोग के अलावा चुनाव आयोग ने पर्यावरण–अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देना और कारपूलिंग को प्रोत्साहित करने का भी आदेश जारी किया है। इसके अलावा चुनाव के दौरान कर्मियों और मतदाताओं द्वारा तय की जाने वाली दूरी को कम करने पर बल दिया है। राजनीतिक दलों से यह कहा गया है कि चुनाव प्रचार के कार्यक्रमों में नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करें।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने शिमला स्थित सरकारी आवास में आज कार्यकताओं संग होली मनाई। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस अभी तक अपने उम्मीदवार भी घोषित नहीं कर पाई है जबकि भाजपा ने प्रदेश की चारों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए है। जयराम ठाकुर ने लोकसभा के लिए नामित चारों भाजपा प्रत्याशियों अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप, कंगना रणौत व डां0 राजीव भारद्वाज को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि 2014 और 2019 में भाजपा ने चारों सीटे जीती थीं और अब 2024 में भी भाजपा लोकसभा की चारों सीटों पर जीत दर्ज करेगी। इस अवसर पर उन्होंने होली की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्नेह और सदभाव के रंगों से सजा ये पारम्परिक पर्व लोगों के जीवन में नई उर्जा और नया उत्साह लेकर आए।

उच्च न्यायालय

प्रदेश उच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम को आदेश दिए हैं कि वे संशोधित वेतनमान का लाभ प्रार्थियों को 6 माह के भीतर अदा करें। एक साथ 61 याचिकाओं का निपटारा करते हुए न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजन शर्मा ने अपने निर्णय में निगम को संशोधित ग्रैच्युटी भुगतान नियमों के मुताबिक ब्याज सहित 6 माह के भीतर करने के आदेश दिए। आदेशों की अनुपालना न करने पर निगम को 9 फीसदी ब्याज सहित अदायगी करनी होगी।

भाजपा टिकट

भारतीय जनता पार्टी ने मंडी संसदीय सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत और कांगड़ा से डॉ. राजीव भारद्वाज को टिकट दिया है। इसके साथ ही पार्टी ने प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार दिए हैं। हमीरपुर से अनुराग सिंह ठाकुर तथा शिमला संसदीय क्षेत्र से सुरेश कश्यप को पहले ही चुनाव मैदान में उतारा गया है। कल लोकसभा प्रत्याशियों की 5वीं सूची में हिमाचल समेत 17 राज्यों की 111 सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा की गई। दूसरी ओर कांग्रेस ने अभी प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

दुर्घटना

ऊना जिला के अम्ब उपमंडल के मैड़ी गांव में मेले के दौरान आज सुबह भूस्खलन होने से दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई व सात अन्य घायल हुए हैं। बताया जाता है कि यह हादसा पवित्र चरण गंगा में स्नान कर रहे श्रद्धालुओं पर पहाड़ी से भूस्खलन होने के कारण पेश आया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने बताया कि तीन गम्भीर रूप से घायल व्यक्तियों को ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे के फौरन बाद चरण गंगा में श्रद्धालुओं के स्नान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

इस बीच उपायुक्त जतिन लाल ने क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचकर मैड़ी हादसे के घायलों का कुशलक्षेम जाना। उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन ने मृतकों के लिए फौरी तौर पर 25–25 हजार व घायलों को 10–10 हजार रुपये की राहत राशि जारी की है।

कर्मचारी भविष्य निधि

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ ने इस साल जनवरी महीने में 16 लाख दो हजार सदस्य जोड़े हैं। ईपीएफओ के अनुसार, इस साल जनवरी में लगभग 8 लाख आठ हजार नए सदस्यों का नामांकन किया गया है। केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने कहा है कि विवरण से यह भी पता चलता है कि इस अवधि के दौरान कुल नए सदस्यों में से 18 से 25 वर्ष तक की उम्र के लोगों की संख्या 56 प्रतिशत है और संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं जिन्हें पहली बार नौकरी मिली हैं। विश्लेषण से पता चलता है कि 8 लाख आठ हजार नए सदस्यों में से लगभग 2 लाख 5 हजार नई महिला कर्मचारी हैं।

समापन

किन्नौर जिला के तीन दिवसीय होली पर्व के समापन अवसर पर जिलाधीश डां0 अमित कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति का प्रतीक है और इसके माध्यम से भाई चारे व सामाजिक सौहार्द का माहौल उत्पन्न होता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के युग में देव संस्कृति से जुड़े रहने व प्राचीन संस्कृति पर गर्व करने का आह्वान भी किया।

स्वास्थ्य मंत्रालय

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर गर्मी के महीनों के दौरान अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं से बचाव के लिए तत्काल एहतियाती उपाय करने को कहा है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि गर्मी के महीनों में तापमान बढ़ने के कारण अस्पताल में आग, बड़ा खतरा बन जाती है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अनुरोध किया कि वे राज्य स्वास्थ्य विभागों और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को एकसाथ मिलकर काम करने का निर्देश दें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके अधिकार क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की गई है।

नमस्कार।

———————————————